## कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)
## अगस्त 2020 माह का मासिक सारांश

**माह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:**

1. पोत और समुद्री क्षेत्रों में कौशल विकास की अंतर्निहित क्षमताओं का उपयोग करने के लिए सहयोग करने हेतु एक ढांचा विकसित करने और तेजी से बदलती हुई प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तथा कौशल को सुदृढ़ करने एवं पोत-नीत समृद्धि प्रदान करने के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और पोत परिवहन मंत्रालय के बीच 20 अगस्त, 2020 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

2. कोविड को ध्यान में रखते हुए अर्थव्यवस्था को खोलने (अनलॉक-4) की रणनीतियों पर मंत्रिमंडल सचिव द्वारा एक बैठक की गई थी। इस बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया था कि विशेष प्रकृति के संस्थान होने के कारण कौशल प्रशिक्षण संस्थान, जो शैक्षणिक संस्थानों से भिन्न हैं, उन्हें अब खोलने की आवश्यकता है।

3. बजट घोषणाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर समीक्षा कराने के लिए मंत्रिमंडल सचिव द्वारा 20 अगस्त को एक बैठक ली गई थी।

4. केपीआई (मुख्य निष्पादन संकेतक) और प्रधान मंत्री के लिए प्रयास डैशबोर्ड को सुदृढ़ बनाया गया। नया डैशबोर्ड पीएमकेवीवाई की प्रगति की निगरानी के लिए मानकीकृत क्षेत्रों के आधार पर अधिक परिणाम आधारित है।

5. रोजगार और कौशलीकरण में मंत्री समूह के समक्ष मंत्रालय और छह क्षेत्र कौशल परिषदों द्वारा 7 अगस्त को एक प्रस्तुति दी गई।

6. पीएमकेवीवाई 3.0 (2020-21) के लिए ईएफ़सी नोट तैयार किया गया है और टिप्पणियों के लिए परिचालित किया गया है।

7. राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए) को 01.08.2020 को एनसीवीईटी में समाहित किया गया। यह एनसीवीईटी की 05.12.2018 की अधिसूचना के अधिदेशों को पूरा करता है, जिसमें एनसीवीईटी के साथ मौजूदा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) और एनएसडीए के विलय का प्रावधान है।

8. एनसीवीईटी के तहत राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की पहली बैठक 11 अगस्त, 2020 को आयोजित की गई थी, जिसमें 04 अर्हताओं को मंजूरी दी गई थी और 12 को सशर्त रूप से अनुमोदित किया गया था। अब तक, कुल 3914 अर्हताओं को एनएसक्यूएफ़ से संरेखित किया गया है।

9. नीति आयोग के विकसित किए जा रहे उन्नति पोर्टल (20 करोड़ से अधिक औद्योगिक और ग्रे कॉलर कामगारों को आजीविका प्रदान करने का एक मंच) के साथ असीम पोर्टल (कुशल जनशक्ति की निर्देशिका और एमएसडीई का एक मांग और आपूर्ति मिलान पोर्टल) के एकीकरण के लिए तालमेल पर चर्चा करने के लिए नीति आयोग के उन्नति

दल के साथ बैठक हुई। एमएसडीई द्वारा यह प्रस्ताव किया गया था कि उन्नति मंच केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों द्वारा संचालित किए जा रहे इसी प्रकार के पोर्टल्स का एक मास्टर एग्रीगेटर पोर्टल बन जाए।

10. श्रम संबंधी स्थायी समिति की एक बैठक 7 अगस्त 2020 को आयोजित की गई थी, जिसमें अंतर-राज्य प्रवासी, असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एमएसडीई द्वारा किए गए विभिन्न उपायों पर समिति को जानकारी दी गई थी।

11. विदेश मामलों की स्थायी समिति ने एमएसडीई के साथ 11/08/2020 को "कोविड 19 महामारी-वैश्विक प्रतिक्रिया, भारत का योगदान और आगे बढ़ने का रास्ता" विषय पर समीक्षा बैठक ली।

12. एक रणनीति नोट तैयार किया गया है और फ्लाई-बाय-नाइट प्रशिक्षण प्रदाताओं को बाहर निकालने के लिए इसे परिचालित किया जा रहा है। यह प्रस्ताव मौजूदा तंत्र को मजबूत करने और विश्वसनीय/प्रतिष्ठित प्रशिक्षण प्रदाताओं का चयन करने और उन्हें बनाए रखने के लिए पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत अतिरिक्त प्रावधानों को पेश करने के लिए है।

13. वार्षिक कौशल्याचार्य पुरस्कारों के लिए नामांकन और चयन प्रक्रिया पूरी की गई। कुशल ईकोसिस्टम के तहत प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए कौशल्याचार्य पुरस्कार की शुरूआत की गई है। पुरस्कार 10 सितंबर 2020 को प्रदान किए जाएंगे।

14. जीकेआरए के तहत चिह्नित जिलों में प्रवासी श्रमिकों के प्रशिक्षण के लिए पूर्व-प्रशिक्षण गतिविधियां पूरी हो चुकी हैं। प्रशिक्षण अनलॉक 4.0 प्रावधानों के अनुसार 21 सितंबर के बाद शुरू होगा।

15. क्षेत्र कौशल परिषद के लिए नए मॉनिटरिंग कार्य परिभाषित किए गए हैं जिसमें असीम और शिक्षुता पोर्टल पर उद्योगों की ऑनबोर्डिंग, मिश्रित/ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और सामग्री का विकास, क्षेत्रीय उत्कृष्ठता केंद्रों का विकास और क्षेत्र के लिए उद्यमों की निर्देशिका तैयार करना शामिल है।

16. शेयरधारकों के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए एनएसडीसी के शेयरधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया और संशोधित मसौदा तैयार किया गया।

17. अनौपचारिक क्षेत्र में शिक्षुता को विधिसंगत बनाने के लिए एक अवधारणा नोट तैयार किया गया है और इसे परिचालित किया जा रहा है। इस औपचारिकता के लिए प्रशिक्षुओं और नियोक्ताओं के लिए न्यूनतम व्यवधान के साथ दो बहुत हल्के मॉडल प्रस्तावित किए गए हैं।

18. महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप (एमजीएनएफ़) कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करने और विभिन्न मुद्दों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में एमजीएनएफ़ कार्यक्रम की निगरानी समिति की पहली बैठक, 17 अगस्त 2020 को हुई।

19. श्रम की गतिशीलता और प्रवासन के लिए 15 देशों के स्वास्थ्य क्षेत्र के जॉब रोलों की मैपिंग के संबंध में कई उपाय किए गए थे। स्वास्थ्य क्षेत्र के जॉब रोलों के बारे में योग्यता आवश्यकताओं ब्रिटेन और भारत के बारे में चर्चा करने के लिए डीएफ़आईडी, स्वास्थ्य और कौशल के लिए कौशल के साथ 27 अगस्त 2020 को एक आभासी सम्मेलन आयोजित किया गया था। जर्मनी के साथ 26 अगस्त, 2020 को आयोजित 11 वीं जेडब्ल्यूजी में, स्वास्थ्य क्षेत्र की मैपिंग के मुद्दे पर चर्चा की गई थी और यह सुझाव दिया गया था कि आगे की कार्रवाई तय करने के लिए मौजूदा एमओयू के तहत उप-कार्य समूह के रूप में एक विशेषज्ञ समूह (एमएसडीई, एमईए और जर्मन दूतावास के साथ) बनाया जाए। अन्य देशों के लिए इस संबंध में सभी देशों के विदेश मंत्रालय/दूतावास को पत्र/ई-मेल भेजे गए थे, जिनमें इन देशों के नियामक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अनुरोध किया गया था।

20. जेनरेशन लिमिटेड (यू वाह) संबंधी स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर करने के संबंध में 20 अगस्त 2020 को सचिव, एमएसडीई और यूनिसेफ के बीच एक बैठक आयोजित की गई थी।

21. स्ट्राइव (औद्योगिक मूल्य संवर्धन के लिए कौशल सुदृढीकरण) के तहत, 10 आईटीआई ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। अब तक कुल 281 आईटीआई ने निष्पादन आधारित अनुदान समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

22. व्यावसायिक शिक्षा के साथ स्कूली शिक्षा को एकीकृत करने पर एक अवधारणा नोट तैयार किया गया और प्रतिक्रिया के लिए राज्यों के साथ साझा किया गया।

23. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के लिए अ.जा./अ.ज.जा. नियोजनीयता स्कीम संबंधी संशोधित नोट और प्रस्तुति तैयार लिए गए।

24. आईटीआई स्नातकों के प्लेसमेंट में सुधार करने के लिए, एनएसटीआई और आरडीएसडीई में अधिकारियों की पहचान की गई है जिन्हें क्वेस्ट एलायंस के प्लेसमेंट दल के सहयोग से प्लेसमेंट अधिकारी के रूप में प्रशिक्षित किया जाना है और इन प्लेसमेंट अधिकारियों के लिए 18 से 21 अगस्त 2020 तक एक आभासी कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्लेसमेंट अधिकारी की भूमिका, अच्छी तरह से कार्यशील संस्थान, स्तरीय प्लेसमेंट सेल की भूमिका को परिभाषित करना और अपने संस्थानों में छात्रों के लिए एक प्लेसमेंट कैलेंडर का तैयार करना था।

25. हमारे आईटीआई छात्रों के कौशल प्रशिक्षण में सहायता के लिए 6 लोकप्रिय ट्रेडों (फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, सीओपीए, कॉस्मेटोलॉजी और डीजल मैकेनिक) के लिए ऑनलाइन मिश्रित शिक्षण पाठ्यक्रम विकसित किए जा रहे हैं। हमारी आवश्यकताओं के अनुरूप एक ओपन-सोर्स एलएमएस प्लेटफॉर्म कॉन्फ़िगर किया गया है और इसे http://www.nimilearningonline.in/moodle/ पर होस्ट किया गया है। अब तक उक्त ट्रेडों के लिए तीन सप्ताह की सामग्री तैयार है और आगे का विकास जारी है।

26. एनएसटीआई की वेबसाइटों, सभी 33 एनएसटीआई वेबसाइटों के लिए समान टेम्पलेट आईटी के इन-हाउस विशेषज्ञों के साथ डीजीटी में विकसित किया गया था और यह प्रारम्भ किए जाने के लिए तैयार है।

27. आईटीआई प्रशिक्षकों और प्रशिक्षुओं के पुनरुत्थान/उत्थान के लिए एक डिजिटल कौशल मंच विकसित किया गया है जो प्रशिक्षण प्रक्रिया के पूर्ण जीवन चक्र के लिए प्रशिक्षुओं, शिक्षकों, संस्थानों, सरकार और कॉर्पोरेट्स को एकीकृत करता है और इसे प्रायोगिक तैर पर सफलतापूर्वक चलाया गया है।

28. मंत्रालय में, ई-एचआरएसएम सेवा मॉड्यूल और अवकाश मॉड्यूल को सक्रिय किया गया और इसका परिचालन किया गया।

29. सचिव, एमएसडीई ने अन्य के साथ निम्नलिखित आभासी संगोष्ठियों में भाग लिया:
    1. एएमसीएचएएम इंडिया की एजीएम - भारत में अमेरिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के समक्ष कोविड -19 के बाद पुन:कौशलीकरण का भविष्य विषय पर मुख्य सम्बोधन।
    2. गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान (जीआरआई) विश्वविद्यालय में कौशलीकरण की चुनौतियां और आगे की राह पर व्याख्यान (आभासी)

******